Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 07 मार्च, 2023

राप्ती नदी के मगरमच्छ

//

हाल के अध्ययन के अनुसार, **अवैध मत्स्यन और रेत खनन जैसे मानवजनित खतरों ने दक्षिण-मध्य नेपाल में चितवन नेशनल पार्क (CNP) से बहने वाली राप्ती नदी के मगरमच्छों** (***Crocodylus plaustris***) हेतु खतरा पैदा कर दिया है, जो बिहार के **वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व (राज्य का एकमात्र बाघ अभयारण्य)** से लगा हुआ है। वर्ष 1973 में स्थापित चितवन नेशनल पार्क **नेपाल का पहला राष्ट्रीय उद्यान है।** इस उद्यान में **एकल सींग वाले एशियाई गैंडों** की अंतिम आबादी रहती है। **CNP के स्थानीय जातीय और नदी पर निर्भर समुदायों को आजीविका के अवसरों के साथ प्रभावी संरक्षण एवं प्रबंधन कार्यक्रमों में एकीकृत करने को प्राथमिकता देने की सिफारिश की** गई है। मगर या मार्श मगरमच्छ विश्व स्तर पर पाए जाने वाले मगरमच्छों की 24 मौजूदा प्रजातियों में से एक है। यह भारत, पाकिस्तान, नेपाल और ईरान में पाई जाती है। **प्रजातियों को** अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ **(International Union for Conservation of Nature- IUCN)** की रेड लिस्ट में 'सुभेद्य' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसे **वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन** (CITES) के **परिशिष्ट- I** में सूचीबद्ध किया गया है, साथ ही **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची- I** में शामिल किया गया है। राप्ती नदी महाभारत की पहाड़ियों और हिमालय की **निचली शृंखला से निकलती है एवं CNP की उत्तरी सीमा के साथ पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है।**



और पढ़ें... [भारत में मगरमच्छ की प्रजातियाँ]

संयुक्त सैन्य अभ्यास FRINJEX-23

भारतीय और फ्राँसीसी सेना के बीच पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास FRINJEX-23 तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित किया जाएगा। **यह पहली बार है जब दोनों देशों की सेनाएँ इस प्रारूप में शामिल हो रही हैं,** जिसमें प्रत्येक टुकड़ी में तिरुवनंतपुरम स्थित भारतीय सेना के सैनिकों और फ्राँसीसी 6वीं लाइट आर्मर्ड ब्रिगेड की एक-एक कंपनी समूह शामिल हैं। इस अभ्यास का **उद्देश्य सामरिक स्तर पर दोनों बलों के बीच अंतर-संचालन, समन्वय और सहयोग को बढ़ाना** है। संयुक्त अभ्यास फ्राँस के साथ रक्षा सहयोग को और मज़बूत करेगा जो समग्र भारत-फ्राँस रणनीतिक साझेदारी का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। **अन्य सैन्य-संवाद और नियमित रूप से आयोजित संयुक्त अभ्यासों में** [वरुण (नौसेना)], [गरुड़ (वायु सेना)] **तथा** [शक्ति (थल सेना)] **शामिल हैं।**
और पढ़ें... [भारत-फ्राँस संबंध]

इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA)

भारत ने सुझाव दिया है कि बाघों की सुरक्षा के लिये उसके नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन स्थापित किया जाना चाहिये और 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (800 करोड़ रुपए से अधिक) के गारंटीकृत वित्तपोषण के साथ पाँच वर्ष की अवधि में समर्थन का आश्वासन दिया है। प्रस्तावित इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) सात प्रमुख बाघों- [बाघ], [शेर], [तेंदुआ], [हिम तेंदुए], प्यूमा, **[जगुआर]** और **[चीता]** की सुरक्षा एवं संरक्षण की दिशा में कार्य करेगा। गठबंधन की सदस्यता 97 "रेंज" देशों के लिये खुली होगी, जिसमें अन्य इच्छुक राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय संगठन आदि भी शामिल हो सकते हैं। यह गठबंधन 2022 में नामीबिया से चीतों के आगमन से प्रेरित था जिसमें इन बड़ी बिल्लियों के प्राकृतिक आवास भी शामिल हैं। भारत **विश्व का एकमात्र राष्ट्र है जहाँ प्यूमा और जगुआर को छोड़कर बाघ, शेर, तेंदुए, हिम तेंदुए और चीता पाए जाते हैं।** इसलिये यह उचित होगा कि भारत **संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन के साथ** सभी बड़े देशों को साथ लाने का बीड़ा उठाए। IBCA की **शासन संरचना में सभी सदस्य देशों की एक महासभा होगी,** जिसमें **न्यूनतम 7 और अधिकतम 15 सदस्यों की एक परिषद** जिसके सदस्य **5 वर्ष की अवधि के लिये महासभा द्वारा चुने जाएंगे** तथा एक सचिवालय शामिल होगा। **परिषद की सिफारिश पर महासभा एक विशिष्ट अवधि के लिये IBCA महासचिव नियुक्त करेगी।**
और पढ़ें... [भारत में चीतों की पुनःवापसी]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-march-2023